## महत्वपूर्ण एवं खास

### संभागायुक्त अवकाश पर, चौहान होंगे प्रभारी आयुक्त

**रायगढ़।** संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग 8 दिसम्बर को शाम से लेकर 12 दिसम्बर सवेरे तक अवकाश पर रहेंगे। इस दौरान अपर आयुक्त कुमार लाल चौहान संभागायुक्त के प्रभार पर रहेंगे।


### राजीव युवा मितान क्लब के नोडल बने अपर कलेक्टर पाण्डेय

**रायगढ़।** शासन द्वारा संचालित राजीव युवा मितान क्लब से संबंधित कार्यों के इस जिले में सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय को अपने वर्तमान कार्यों के साथ ही अस्थायी तौर पर आगामी आदेश पर्यन्त राजीव युवा मितान क्लब के नोडल अधिकारी बनाए गए है।

### छ.ग.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू 14 दिसम्बर को लेंगे जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

**रायगढ़।** छ.ग.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) थानेश्वर साहू की अध्यक्षता एवं सदस्य साधुचरण यादव की उपस्थिति में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 14 दिसम्बर 2022 को दोपहर 2 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गयी है। बैठक में शासन के समस्त विभागों द्वारा अन्य पिछड़े वर्गो के हितार्थ संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा एवं अन्य पिछड़े वर्ग के क्रीमीलेयर निर्धारण के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राज.)तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार से विशेष चर्चा की जाएगी।

### अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल शफी अहमद का दौरा कार्यक्रम



**रायगढ़।** अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल (कैबिनेट मंत्री दर्जा) शफी अहमद 9 एवं 10 दिसम्बर 2022 को दो दिवसीय रायगढ़ जिले के प्रवास पर आयेंगे एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष शफी अहमद 9 दिसम्बर को प्रात: 7 अंबिकापुर से प्रस्थान कर पूर्वान्ह 11 बजे औद्योगिक पार्क पूंजीपथरा रायगढ़ आयेंगे एवं नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन द्वारा आयोजित श्रमिक सभा कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं दोपहर 1 बजे श्रमिक चौपाल में सम्मिलित होंगे। अहमद अपरान्ह 3 बजे सर्किट हाऊस भवन में जिले के श्रम विभाग के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। शाम 4.30 बजे से शाम 6 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। रात 8 बजे सर्किट हाऊस भवन में रायगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों के संस्थान, संगठनों व नियोजकों से मंडल संबंधित चर्चा करेंगे। रात्रि 8.30 बजे सर्किट हाऊस भवन में नियोजक प्रोत्साहन कार्यक्रम में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष शफी अहमद 10 दिसम्बर को प्रात:10 बजे सरला विला अपार्टमेंट के पास चक्रधर नगर चौक प्रगति कोचिंग सेंटर रायगढ़ में छात्र-छात्राओं से श्रमिक विचार विमर्श करेंगे। पूर्वान्ह 11 बजे सर्किट हाऊस भवन में पत्रकारजनों के साथ प्रेसवार्ता लेंगे। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे लारा तहसील पुसौर में एनटीपीसी लारा के ठेकेदारों व श्रमिकों से भेंट तथा चर्चा एवं शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत संचालित केन्द्र का निरीक्षण करेंगे।

# जिले में सड़कों का निर्माण कार्य जारी, हो रही नियमित मॉनिटरिंग



**रायगढ़।** जिले में जर्जर सड़कों के निर्माण और मरम्मत का कार्य जारी है। अधिकारी नियमित रूप से बैठक लेकर और फील्ड विजिट के माध्यम से कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ठेकेदारों के काम की हर हफ्ते समीक्षा की जा रही है, जिससे सड़क निर्माण कार्य में प्रगति देखने को मिल रही है। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग आर.के.खांबरा ने जिले में सड़कों के निर्माण कार्य के प्रगति के बारे में बताया कि सड़कों में अलग-अलग चरणों में कार्य चल रहे हैं। सड़कों पर जीएसबी, डब्ल्यूबीएम, रिटर्निंग वाल का निर्माण, डामरीकरण जैसे कार्य किए जा रहे है।

उन्होंने बताया कि चन्द्रपुर-डभरा-खरसिया-छाल-हाटी-धरमजयगढ़-पत्थलगांव मार्ग लंबाई 91 कि.मी. मार्ग का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है। इसी तरह मार्ग के क्षतिग्रस्त भाग धरमजयगढ़ से भण्डारीमुड़ा, ग्राम बायसी के पास एवं बाकारूमा से चरखापारा के बीच डामर स्केरिफाईंग कर जीएसबी कार्य पूर्ण करा लिया गया है। मार्ग में आवागमन सुचारू रूप से चल रहा है। वर्तमान में मार्ग में 20 कि.मी.मिट्टी कार्य, 3.50 कि.मी. सबग्रेड कार्य, जीएसबी-4.50 कि.मी. (प्रथम परत), रिटर्निंगवॉल-708 मीटर, नाली-3120 मीटर पूर्ण कर लिया गया है तथा पुल-पुलिया-14 नग पूर्ण एवं 3 नग प्रगति पर है।

रायगढ़-धरमजयगढ़ मार्ग के 56 कि.मी.भाग में चौड़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है। उर्दना तिराहा मार्ग, केलो डेम के पास, स्टार ढाबा से लेकर गेरवानी बस्ती एवं तराईमाल से बंजारी घाट तक जो मार्ग क्षतिग्रस्त था उसमें डामर स्केरिफाईंग कर जीएसबी कार्य पूर्ण करा लिया गया है। मार्ग में-700 मीटर में रिटर्निंगवाल पूर्ण हो गया है। जीएसबी-5 कि.मी., रिनिवल भाग में पेच कार्य 2 कि.मी., डामर स्केरिफाईंग-4.50 कि.मी.सोल्डर में जीएसबी एवं डब्ल्यूबीएम-19.50 किमी, डीबीएम-8 कि.मी., नाली-1300 मीटर एवं पुल-पुलिया 2 नग प्रगति पर है। घरघोड़ा से जामपाली 138/8 से 157/6 कि.मी. तक कुल 19 कि.मी. में चौड़ीकरण एवं मजबूती कार्य के तहत मार्ग में जीएसबी-3.35 कि.मी.(11 मीटर पुरी चौड़ाई में) एवं 8.25 कि.मी.(2.50 मीटर चौड़ाई में दोनो तरफ),डब्ल्यूएमएम 0.65 कि.मी., डामरीकरण-0.625 किमी, नाली-625 मीटर, डामर स्केरिफाईंग-1.50 कि.मी.एवं पुल-पुलिया 2 नग पूर्ण एवं 01 नग प्रगति पर है। छाल-घरघोड़ा मार्ग लंबाई 23.40 कि.मी.में उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य-मार्ग में डामर स्केरिफाईंग-10.40 कि.मी., सबग्रेड-2.60 कि.मी.,जीएसबी-1.20 कि.मी.,डब्ल्यू.एम.एम.-2.63 कि.मी. (प्रथम परत)डीबीएम-3.80 कि.मी. बी.सी.-0.90 कि.मी., मिट्टी सोल्डर-2.63 कि.मी.नाली-1107 मीटर पूर्ण, टोवॉल-400 मीटर, रिटर्निंगवाल-452 मीटर नाली-337 मीटर एवं पुल पुलिया-05 पूर्ण एवं 4 नग प्रगति पर है। घरघोड़ा-लैलूंगा मार्ग लंबाई 15 कि.मी.में उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य-मार्ग में डब्ल्यूबीएम 1.00 कि.मी., डामर नवीनीकरण 1.00 कि.मी.का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सभी मार्गो के निर्माण कार्य सुचारू रूप से प्रगति पर है तथा मार्ग में वाहनों का सतत आवागमन हो रहा है।

## जिले में अब तक 7.50 लाख क्विंटल से अधिक धान की हुई खरीदी



**रायगढ़।** जिले में धान कटाई में आयी तेजी के साथ ही उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक में बढ़ोत्तरी हुई है। जहां बीते सप्ताह धान उपार्जन की मात्रा 2 लाख क्ंविटल थी वहीं अब बढ़कर 7 लाख क्ंविटल से अधिक की खरीदी हो चुकी है। जिले में अब तक 16 हजार 203 किसानों ने धान विक्रय कर चुके है। धान की आवक बढऩे से उपार्जन केन्द्रों में रौनक बढऩे लगी है।

उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं सी.एस.जायसवाल ने बताया कि जिले के 100 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 7 लाख 59 हजार 857 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। धान उपार्जन के साथ उठाव भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया धान बेचने आने वाले किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए केन्द्रों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी केंद्रों में पर्याप्त बारदाने उपलब्ध करवाया गया है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन सहकारी समितियों में किया जा रहा है। जिले के 7 ब्लाकों में 100 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। यहां किसानों के लिए पेयजल और बैठने की सुविधा उपार्जन केंद्रो में की गई है। इस वर्ष शासन द्वारा इस वर्ष किसानों की सुविधा के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन टोकन जारी किया जा रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ अतिसंवेदनशील खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था की निगरानी के लिए विशेष टीम बनायी गई है। इसके अलावा अवैध धान परिवहन को रोकने चेकपोस्ट के माध्यम से माल वाहक वाहनों की नियमित चेकिंग की जा रही है।

## पड़ोसी के घर से चोरी किया हुआ मोबाइल बेचने निकला नाबालिग आया कोतवाली पुलिस के हाथ

**❑ बालक से चोरी की 6 मोबाइल, घड़ी, ब्रेसलेट व नगद 5000 रुपए नकद बरामद**



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के कुशल मार्गदर्शन पर जिला पुलिस लगातार संपत्ति संबंधी अपराधों के आरोपियों पर लगाम लगा रही है। इसी क्रम में कल सुबह कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक शनिप रात्रे को मुखबिर से सूचना मिली कि शहर के केवडाबाड़ी चौक के सामने निकले महादेव मंदिर निलाचल भवन के पास एक लड़का मोबाइल बिक्री के लिए मंदिर और पार्क आये लोगों से सौदा कर रहा है जिसके पास 5-6 मोबाइल हैं। थाना प्रभारी द्वारा थाने से स्टाफ तस्दीक के लिए रवाना किए। कोतवाली पुलिस द्वारा मौके पर संदेही लड़के को हिरासत में लेकर बिक्री किये जाने वाले मोबाइल के संबंध में पूछताछ किया गया। नाबालिग बालक पूछताछ में 04 दिसंबर की रात अपने पड़ोसी के घर घुसकर 3 मोबाइल, एक टॉर्च, एक गोल्डन पॉलिश ब्रेसलेट और नगद रकम रु.33,000 चोरी करना और दूसरे दिन दूसरी जगह से 3 मोबाइल चोरी करना बताया। अपचारी विधि के साथ संघर्षरत बालक चोरी किये हुए टॉर्च को फेंक देना तथा चोरी में मिले रूपयों से रु.28000 को खर्च कर देना बताया है। अपचारी बालक से कोतवाली पुलिस बचत रकम रु.5000 तथा चोरी के 6 मोबाइल, ब्रेसलेट जप्त कर अपचारी विधि के साथ संघर्षरत बालक के विरुद्ध धारा 41(1+4)CrPC/ 379 IPC की कार्यवाही कर किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ के न्यायालय में पेश किया गया। कोतवाली टीआई शनिप रात्रे के नेतृत्व में कार्रवाई में प्रधान आरक्षक दिलीप भानू, संजय तिवारी, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, उत्तम सारथी और कोमल तिवारी की प्रमुख भूमिका रही है।

## पत्नी को पड़ोसी के घर टमाटर मांगने जाने से पति ने किया मना, नहीं मानी तो डंडे से मारकर की हत्या

**❑ लैलूंगा पुलिस ने पत्नीहंता को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**

**❑ ग्राम भेडीमुडा(अ) के सुवासुपारा की घटना**



**रायगढ़।** थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेडीमुडा(अ) के सुवासुपारा में रहने वाला भगत राम अगरिया (50 वर्ष) उसकी पत्नी दिलो बाई अगरिया (45 साल) को केवल इतनी सी बात पर डंडे से मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया क्योंकि उसके मना करने के बावजूद उसकी पत्नी पड़ोस के घर टमाटर मांगने जा रहा थी। घटना की सूचना के तत्काल बाद रात में ही लैलूंगा पुलिस सुवासुपारा में दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाया गया जिसे आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक कल शाम थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को घटना के संबंध में सूचना मिली, जिस पर थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिया गया। एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं सुपरविजन अधिकारी एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर तत्काल थाना प्रभारी लैलूंगा हमराह स्टाफ के साथ घटना ग्राम भेडीमुडा (अ) सुकवासुपारा पहुंचे। जहां मृतिका के ससुर इन्दरसाय अगरिया (उम्र 73 साल) बताया कि दिनांक 06/12/2022 के रात्रि बहू दिलो बाई अपने पति को चटनी बनाने के लिए पड़ोसी के यहां टमाटर मांगने के लिए जा रही हूं बोली जिस पर बेटा भगतराम विश्वकर्मा उसकी पत्नी को मना किया, दोनों में बहस हुआ और दिलोबाई अपने पति को धक्का दी जिससे भगतराम विश्वकर्मा जमीन में गिर गया। जमीन में उठकर भगत राम घर के बाहर पड़ा हुआ बांस का डंडा लाकर बहू दिलो बाई को मारपीट करने लगा, दिलो बाई के सिर पीछे आयी गंभीर चोट से वहीं फौत हो गई। लैलूंगा पुलिस द्वारा इन्दरसाय अगरिया के रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मर्ग पंचानामा कार्यवाही पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिये रवाना किया गया तथा आरोपी भगतराम विश्वकर्मा पर हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसने अपराध करना स्वीकार किया गया, आरोपी के मेमोरंडम पर घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा जप्त कर आरोपी को थाना लाया गया जिसे आज सुबह न्यायिक रिमांड पर जेएमएफसी घरघोड़ा के न्यायालय पेश किया गया है। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर मामले में लैलूंगा पुलिस की तत्काल कार्रवाई में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक सुमेश गोस्वामी, आरक्षक सुमित एक्का की अहम भूमिका रही है।

## हलवाई से लूटपाट के दो फरार आरोपियों को जूटमिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**❑ आरोपियों के एक साथी को घटना के दूसरे ही दिन गिरफ्तार कर भेजा गया था रिमांड पर**



**रायगढ़।** साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में कल शाम जूटमिल देवारपारा में रहने वाले हलवाई सहानी यादव से लूटपाट, मारपीट कर फरार हुये दो आरोपी- गणेश उर्फ मनीष सारथी और मोहन सारथी को जूटमिल क्षेत्र में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया जिनसे लूटपाट की रकम जप्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। विदित हो कि लूटपाट की घटना के तत्काल बाद आरोपियों के एक साथी आरोपी- संजय भट्ट उर्फ संजय सोनवानी (22 साल) को जूटमिल पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 20.09.2022 को जूटमिल देवारपारा में रहने वाला सहानी यादव (45 वर्ष) चौकी जूटमिल आकर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल को बताया कि हलवाई का काम करता है। इसके साथ मजदूरी का काम करने वाली महिला बजरंगपारा निगम कलोनी में रहती है जिसे दिनांक 19.09.2022 को रूपये देने अपने पहने लोवर के जेब में 9,000 रूपये रखकर दोपहर करीब 02:30 बजे गया था। बजरंगपारा निगम कलोनी में किराना दुकान चलाने वाला संजय भट्ट अपने दुकान सामने पहुंचने पर संजय भट्ट दुकान से बाहर निकलकर जबरदस्ती वाद विवाद करने लगा। थोड़ी देर बाद संजय भट्ट का भाई कुमार भट्ट अपने हाथ में लोहे का राड लेकर आया, उसके साथी गणेश सारथी और सोहन सारथी के साथ आया फिर चारों झगड़ा, मारपीट कर लोवर के पकिट में रखे 9,000 रूपये को लूट लिये, डरकर वहां से भाग गया। दूसरे दिन चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया, पीड़ित सहानी यादव के रिपोर्ट पर धारा 392 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर सहानी यादव का मेडिकल कराया गया, चोट सामान्य है। तत्पश्चात आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए चौकी प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा दबिश दिया गया। मामले के एक आरोपी संजय भट्ट को दूसरे दिन सुबह मुखबिर सूचना पर जूटमिल स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर पकड़कर पुलिस चौकी लाया गया। लूटपाट के संबंध में आरोपी संजय भट्ट से पूछताछ करने पर अपने भाई कुमार भट्ट और साथी गणेश सारथी, सोहन सारथी के साथ मिलकर लूटपाट करना और लूट में मिले रु.9000 में से रु.3000 गणेश सारथी रख लेना और बाकी 6,000 रूपये में से तीनों रु.2000-रु.2000 बांट लेना बताया। आरोपी संजय भट्ट अपने 2,000 रूपये से 750 रूपये को खाने-पीने में खर्च कर देना बताया जिसे शेष रकम 1250 रुपए जप्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी संजय भट्ट उर्फ संजय सोनवानी पिता बादल सोनवानी उम्र 22 वर्ष निवासी बजरंगपारा निगम कॉलोनी चौकी जूटमिल, थाना कोतवाली को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया तथा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये दबिश देकर दबाव बनाया जा रहा था जिस पर कल शाम चौकी प्रभारी को मिली मुखबिर सूचना पर जूटमिल बजरंगपारा में दबिश देकर जूटमिल पुलिस स्टाफ द्वारा आरोपी (1) गणेश उर्फ मनीष सारथी पिता हरीश सारथी उम्र 24 वर्ष निवासी बजरंग पारा निगम कॉलोनी क्वार्टर नंबर ई-17 चौकी जूटमिल (2) मोहन सारथी पिता विनोद सारथी उम्र 18 साल 7 माह निवासी सोनूमुड़ा इंदिरा आवास चौकी जूटमिल को हिरासत मेंलेकर चौकी लाया गया। दोनों आरोपियों के मेमोरेंडम पर लूट की शेष रकम रु.590 जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी जूटमिल एसआई के.के. पटेल के साथ एएसआई भागीरथी चौधरी, आरक्षक बनारसी सिदार, विनय तिवारी की अहम भूमिका रही है।

## बाड़ी में रखे 2 क्विंटल छड़ चोरी कर ले गए चोर, चंद घंटों के भीतर पकड़ाए

**❑ छाल पुलिस ने छड़ चोरी करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**

**रायगढ़।** दिनांक 07.12.2022 को थाना छाल में ग्राम मुनुंद के प्रेमु दास महंत (उम्र 47 साल) द्वारा मकान बनाने के लिये खरीदी किये गये 02 क्विंटल छड को दिनांक 06.12.2022 की रात्रि अज्ञात चोर द्वारा बाड़ी से चोरी कर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया। छाल पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी पर चोरी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले की तफ्तीश के लिये नव पदस्थ थाना प्रभारी छाल उपनिरीक्षक बी.एस. डहरिया अपने स्टाफ को लेकर ग्राम मुनुंद जाकर मुखबिर एवं गांव के प्रमुख लोगों से पूछताछ कर जानकारी लिये जिसमें गांव के तीन लड़के संदेही- सूरज पटनायक, राहुल दास महंत और सोमनाथ चौहान की चोरी करने की जानकारी मिली, जिन्हें हिरासत में लिया गया। जिनसे बीते रात हुई चोरी की घटना के संबंध में पूछताछ करने पर तीनों एक राय होकर छड चोरी कर आपस में बांट लेना और छुपा कर रखना बताएं। छाल पुलिस ने तीनों के मेमोरेंडम पर चोरी हुआ 2 क्विंटल छड कीमती 8,000 रूपये बरामद कर जप्त किया गया है। चोरी के अपराध में तीनों आरोपी- सूरज पटनायक पिता हेमसागर पटनायक उम्र 30 साल, राहुल दास महंत पिता हरिहर दास महंत उम्र 30 साल, सोमनाथ चौहान पिता राम प्रसाद चौहान उम्र 26 साल निवासी मुनुंद थाना छाल को अपराध कायमी के तत्काल बाद छाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जिसमें थाना प्रभारी छाल उपनिरीक्षक बी.एस. डहरिया, प्रधान आरक्षक छबिलाल पटेल, आरक्षक हरेंद्र पाल सिंह, गोविंद बनर्जी, अशोक चौहान तथा केशव चौहान की विशेष भूमिका रही है।

## ट्रैफिक डीएसपी ने ली ऑटो चालक संघ के पदाधिकारियों की बैठक



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर ट्रैफिक डीएसपी दीपक मिश्रा द्वारा अपने आफिस में जिले के ऑटो चालक संघ के पदाधिकारियों की बैठक लिये जिसमें यातायात पुलिस के साथ शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के संबंध में कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। डीएसपी ट्रैफिक द्वारा पदाधिकारियों को दिये गये सुझाव पर ऑटो चालक संघ की सहमति बनी है। बैठक में ऑटो चालक संघ द्वारा यातायात पुलिस को आश्वस्त किया गया कि वे ऑटो चालकों से यातायात नियमों का पालन के साथ बैठक में दिये गये निर्देशों व सुझावों का पालन करायेंगे।

इन प्रमुख बिन्दुओं पर हुई चर्चा-

- ❖ शहर की व्यस्तम यातायात को देखते हुए निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही ऑटो को पार्क करेंगे।
- ❖ यात्री चढ़ाने एवं उतारने की प्रक्रिया को मुख्य मार्ग में ना कर उचित स्थान पर करेंगे।
- ❖ यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार नहीं करेंगे।
- ❖ हमेशा वर्दी एवं पहचान पत्र रखने निर्देशित किया गया।
- ❖ स्कूलों में चलने वाले ऑटो वाहन के चालकों को अपनी सीट के बगल में बच्चों या यात्रियों को ना बैठाने निर्देशित किया गया।
- ❖ दीगर प्रांत से आने वाले नवीन ऑटो चालकों का संघ के सदस्यों द्वारा पूर्णतः वेरिफिकेशन कर सदस्यता में जोड़ा जाए।
- ❖ जब ऑटो चालको द्वारा ऑटो चालन का कार्य किया जा रहा हो दौरान शराब सेवन न किया जाए।
- ❖ सभी ऑटो वाहन मे बीमा अनिवार्य रूप से हो एवं वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित हो।

## हत्या के प्रयास मामले का फरार आरोपी को चक्रधरनगर पुलिस किया गिरफ्तार

**❑ इंजीनियर पर रॉड से हमला कर फरार था आरोपी, चन्द्रपुर में छिपकर रहने की सूचना पर पुलिस टीम ने दी दबिश**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा वर्षांत के दृष्टिगत सभी थाना, चौकी प्रभारियों को लंबित मामलों में फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये हैं। इसी परिपेक्ष में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रवीण मिंज द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाने के हत्या के प्रयास मामले के लंबित अपराध के फरार आरोपी नारायण प्रसाद उरांव की पतासाजी के लिए स्टाफ एवं मुखबिर लगाया गया था। इसी बीच थाना प्रभारी को आरोपी नारायण उरांव के चंद्रपुर में छिपकर रहने की सूचना मिली जिस पर उनके द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर थाने से पुलिस टीम चन्द्रपुर भेजकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी एसकेएस कंपनी के साइट इंजीनियर पर रॉड से हमला कर फरार था। घटना की रिपोर्ट अगस्त माह में थाना चक्रधरनगर में आहत अमित कुमार सिंह द्वारा दर्ज कराया गया था।

दिनांक 10.08.2022 को घटना के आहत अमित कुमार सिंह पिता राजेंद्र सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी आजाद नगर उर्रहाट रीवा थाना समान चौकी जिला रीवा मध्य प्रदेश वर्तमान पता एस0के0 ए0 कैंप जामगांव द्वारा थाना चक्रधरनगर आकर रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि एसकेएस कंपनी में साइड इंजीनियर का कार्य विगत 2 माह पूर्व से कर रहा है। कंपनी रायगढ़ से उड़ीसा तक चौथा रेलवे लाइन निर्माण का ठेका लिया है, अभी रेलवे लाइन निर्माण कार्य रायगढ़ से ईब उड़ीसा तक चल रहा है, जामगांव स्टेशन का कार्य स्वयं देखता है और जामगांव स्टेशन के पास कैंप बनाएं हैं जहां कंपनी का गाड़ियां मशीन व डीजल जनरेटर एवं अन्य समान रहता है पिछले कुछ समय से कैंप में खड़ी गाड़ियों व डीजल जनरेटर से डीजल चोरी होने की जानकारी मिली थी। दिनांक 10.08.22 के कैंप तरफ गया था, जहां कैंप में लगा डीजल जनरेटर से कंपनी में मैकेनिक का काम करने वाला नारायण उरांव जनरेटर से पाइप लगाकर डीजल चोरी कर डिब्बा में भर रहा था जिसे डीजल चोरी करने से मना करने पर नारायण अपने पास रखे लोहे के राड (सरिया) से हत्या करने की नियत से सिर में मारा। आसपास काम करने वाले कंपनी के स्टाफ आकर बीच-बचाव किये। तब नारायण वहां से भाग गया। घटना के संबंध में आरोपी नारायण उरांव के विरूद्ध धारा 307 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी गिरफ्तारी के भय से फरार था जिसे आज सूचना पर चन्द्रपुर में दबिश देकर हिरासत में लेकर थाना लाया गया। उसके परिजनों को उसकी गिरफ्तारी की सूचना दी गई है। आरोपी नारायण प्रसाद उरांव पिता सुराऊ उरांव उम्र 43 वर्ष निवासी गिरौनी थाना चंद्रपुर जिला सक्ती छत्तीसगढ़ से घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्रवाई में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रवीण मिंज, उप निरीक्षक दिनेश बोहिदार, प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन, आरक्षक अभय यादव और विक्रम कुजूर की अहम भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480